शुभसन्देश

कहानी पुस्तक

छः

यह मेरी शुभसन्देश कहानी पुस्तक छः है

मेरा नाम _____ है

मैं अपनी शुभसन्देश
कहानी पुस्तक छः को पढ़ सकता हूँ

ये कहानियाँ सृजनहार परमेश्वर के पवित्र ग्रन्थ में से हैं।

इस कहानी पुस्तक के सभी चित्र भारत के आदिवासी बच्चों ने बनाए हैं।
शुभसन्देश कहानी पुस्तक छः। कॉपीराइट 2013. भारत में मुद्रित।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें: WBTC India, P.O. Box 8478, Bangalore 560084.
Email: info@wbtcindia.com

यीशु चंगा करता है 2-15
मैं आज़ाद हूँ 16-21
यीशु बचाता है 22-34
यीशु जीवित है 36-40

यीशु चंगा करता है

एक और दिन, एक और समय,
एक और स्थान।

मैं एक छोटी लड़की को देख सकता हूँ।

यह छोटी लड़की
बारह साल की है।

यह छोटी लड़की बहुत,
बहुत, बहुत बीमार है।

वह छोटी लड़की मरने पर है!

उस छोटी लड़की का एक पिता है।

उसका नाम याईर है।

मैं याईर को नगर की ओर
जाते हुए देख सकता हूँ।

जल्दी...जल्दी...जल्दी...
तुम्हारी छोटी बेटी
मरने पर है!

मैं याईर को यीशु के चरणों पर
गिरते हुए देख सकता हूँ।

मैं याईर को यीशु से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'कृपया मेरे घर आइए।

मेरी छोटी बेटी मरने पर है।

उसे छू लीजिए और वह चंगी हो जाएगी।

उसे छू लीजिए, तो वह जीवित रहेगी।'

मैं यीशु और याईर को
याईर के घर
जाते हुए देख सकता हूँ।

रुको छोटी लड़की,
सृजनहार परमेश्वर आ रहा है...

मैं एक महिला को देख सकता हूँ।

वह बहुत बीमार है।
वह एक बहिष्कृत है।

मैं उस बीमार महिला को
अपने आप से यह कहते
हुए सुन सकता हूँ,

'यदि मैं यीशु को केवल छू ही लूँ,
तो मैं चंगी हो जाऊँगी।'

तब ऐसा हुआ...

उस महिला ने, जो बहुत बीमार है,
यीशु को छू लिया!

मैं यीशु को रुकते हुए देख सकता हूँ।

मैं यीशु को यह पूछते हुए सुन सकता हूँ,
'मुझे किसने छुआ?'



बहुत सारे लोग सुन...
सुन...सुन...रहे हैं।

मैं उस महिला को, जो बहुत बीमार है,
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘यीशु के एक स्पर्श से ही
मैं चंगी हो गई हूँ!’

रुको छोटी लड़की,
सृजनहार परमेश्वर आ रहा है...

तब ऐसा हुआ...

मैं एक आदमी को याईर से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,
'तुम्हारी छोटी बेटी मर गई है।'

मैं यीशु को याईर से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'उदास मत हो,
मैं यीशु हूँ।

तुम्हारी छोटी बेटी जीवित हो जाएगी!'

मैं यीशु और याईर को
याईर के घर में
जाते हुए देख सकता हूँ।

मैं यीशु को उस छोटी लड़की से, जो मर चुकी है, यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'छोटी लड़की, उठो!'

मैं उस छोटी लड़की को
उठते हुए देख सकता हूँ!

वह छोटी लड़की जीवित हो गई है!

यीशु हमेशा, हमेशा,
हमेशा का जीवन है।

केवल यीशु के पास
ही अन्धेरे को मिटाने
की शक्ति है।

सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!

मैं आज़ाद हूँ

एक और दिन, एक और समय,
एक और स्थान।

मैं यीशु और उसके चेलों को
नदी पार जाते
हुए देख सकता हूँ।

मैं नदी के किनारे पर
सूअरों को खड़े हुए देख सकता हूँ।

मैं वहाँ एक आदमी को भी
देख सकता हूँ।

उस आदमी में बहुत
सारी बुरी आत्माएँ हैं।

मैं यीशु को उस आदमी
के अन्दर की बुरी आत्माओं से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'इस आदमी में से बाहर निकल
आओ और नदी के पास खड़े हुए
सूअरों में चली जाओ।'

मैं बहुत सारी बुरी आत्माओं को
उस आदमी में से बाहर निकलते
और नदी के पास खड़े हुए सूअरों
में जाते हुए देख सकता हूँ।

मैं सूअरों को दौड़ कर
नदी में गिरते हुए देख सकता हूँ।

सूअर मर गए हैं।

मैं उस आदमी को यीशु
के लिए गाते हुए सुन सकता हूँ।

मैं यीशु को उस आदमी
से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'जाओ और जाकर सब लोगों
को बताओ कि सृजनहार परमेश्वर ने
तुम्हारे लिए क्या किया है।'

मैं उस आदमी को सब लोगों से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘यीशु ने बुरी आत्माओं को
मुझ में से निकल जाने को कहा।

बुरी आत्माएँ मुझ में से
निकल आईं।

यीशु ने मुझे आज़ाद कर दिया है।’

यीशु इस जगत
की ज्योति है।

केवल यीशु के पास
ही अन्धेरे को मिटाने
की शक्ति है।

सृजनहार परमेश्वर यहाँ है!

यीशु बचाता है

समय बीता।

यह रात अन्धेरी है...
यह बहुत, बहुत, बहुत अन्धेरी है।

मैं यीशु को अपने चेलों से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'अब समय आ गया है कि मैं
अपना जीवन तुम्हारे सारे बुरे
कामों के लिए लहू के बलिदान
के रूप में दे दूँ।

मैं तुम्हारी सज़ा को अपने
ऊपर ले रहा हूँ।
मैं अन्धेरे को पीछे धकेल रहा हूँ।

मैं तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा
के लिए बचा लूँगा।'

समय बीता।

मैं देख सकता हूँ कि सैनिक यीशु को क्रूस पर कीलों से जड़ रहे हैं।

मैं यीशु के लहू को
भूमि पर गिरते...गिरते...गिरते...
हुए देख सकता हूँ।

मैं यीशु को क्रूस पर
लटके हुए देख सकता हूँ।

मैं यीशु को यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'मैं अभी भी तुमसे प्रेम करता हूँ।
मैं तुम्हें बचा लूँगा।

तुम मुझे पा लोगे। मैं तुम्हें क्षमा करता हूँ।
मैं तुम्हें अपना जीवन देता हूँ।'



मैं देख सकता हूँ कि
यीशु की मृत्यु हो गई है।

यह दिन अन्धेरा है...
यह बहुत, बहुत, बहुत अन्धेरा है।

मैं देख सकता हूँ कि यीशु के चेले
उसकी देह को कब्र में ले जा रहे हैं।

यीशु को दफना दिया गया है।



समय बीता।

मैं देख सकता हूँ कि
यीशु की कब्र खाली है!

यीशु की मृत देह कहाँ है?



मैं एक अच्छे आत्मा को
यीशु के चेलों से
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'यीशु हमेशा, हमेशा,
हमेशा के लिए जीवित है!'

मैं यीशु को देख सकता हूँ। वह जीवित है!

मैं यीशु को अपने चेलों
से यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘जाओ और हर जगह सब जातियों के
सब लोगों को यह खुशखबरी सुनाओ!

मैं तुमसे प्रेम करता हूँ। मैं मर गया
था, पर अब मैं जीवित हूँ, कि तुम्हें
हमेशा, हमेशा, हमेशा के लिए बचा लूँ।’

मैं यीशु को ऊपर...ऊपर...ऊपर...
आकाश में जाते हुए देख सकता हूँ।

यीशु जीवित है

कई वर्ष बीत गए।

मैं एक आदमी को देख सकता हूँ।

उसका नाम यूहन्ना है।

मैं यूहन्ना को यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'मैं यीशु को ऊपर आकाश में देख सकता हूँ।

उसकी आँखें आग जैसी हैं!'

मैं यीशु को एक सफेद घोड़े पर
आते हुए देख सकता हूँ।

उसका नाम
परमेश्वर का वचन है।

मैं यीशु के वस्त्रों पर
ये शब्द देख सकता हूँ,

राजाओं का राजा और
प्रभुओं का प्रभु!

मैं सब जातियों के लोगों को
यीशु के लिए गाते हुए देख सकता हूँ।

मैं सब आत्माओं को यीशु
के लिए गाते हुए देख सकता हूँ।

मैं सारी सृष्टि को यीशु
के लिए गाते हुए देख सकता हूँ।

मैं सृजनहार परमेश्वर को
यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

'मेरे लोगों को हमेशा, हमेशा,
हमेशा के लिए बचा लिया गया है।

अब मृत्यु नहीं। अब आँसू नहीं।

अब उदासी नहीं। अब पीड़ा नहीं।

मैंने सबकुछ नया बना दिया है।'

मैं यीशु को यह कहते हुए सुन सकता हूँ,

‘देखो, मैं जल्दी ही वापिस आ रहा हूँ।

मैं ही वह अनन्त हूँ।
मैं यीशु हूँ। मैं तुमसे प्रेम करता हूँ।

मैंने तुम्हें हमेशा, हमेशा, हमेशा
के लिए बचा लिया है।